>

Title: Need to include all the Scheduled Caste/Scheduled Tribes dominated areas in the country including Dewas Parliamentary Constituency under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutkiaran Yojana.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): सभापति महोदय, हमारी यू.पी.ए. सरकार द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग जिलों में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना चलाई जा रही है। यह ऐक ऐसी महत्वपूर्ण योजना है, जिसकी देश में बहुत लम्बे समय से आवश्यकता महसूस की जाती रही है। वितरण और पारेषण में जो क्षेत्र कमजोर हैं, उन्हें मजबूत बनाने के लिए यह योजना चलाई गई है, परन्तु दुर्भाग्य है कि जो क्षेत्र अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल हैं, वहां सबसे पहले यह योजना लागू की जानी थी, लेकिन देश के उन तमाम जिलों को छोड़ दिया गया है और जो क्षेत्र ऊर्जा के वितरण और पारेषण के मामले में पहले से विकसित हैं, उन जिलों को पहले ले लिया गया है।

सभापति महोदय, चूंकि मध्य प्रदेश के मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र के जिला देवास और शाजापुर भी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल हैं, इसलिए मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री महोदय से निवेदन है कि वहां ऊर्जा के वितरण और पारेषण के क्षेत्र में बड़ी दयनीय स्थिति है।

मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि देवास और शाजापुर जिलों में भी इस योजना को सम्मिलित करें, ताकि अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को भी इसका लाभ मिल सके।